INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI (2nd lang.)	Department: Hindi	
Worksheet No: 2	Topic: Answers of Paragraph Worksheet	Note: Pl. file in portfolio

प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए :-

राहुल एक अच्छा लड़का था। बस उसे एक ही बुरी आदत थी कि वह मीठा बहुत खाता था। मिठाई और चॉकलेट उसे बहुत पसंद थीं। उसकी माँ उसे हमेशा कहती, "राहुल, इतना अधिक मीठा मत खाया करो। तुम्हारे दाँत खराब हो जाएँगे।" इसी कारण माँ ने सभी चॉकलेट-टॉफियों को एक जार में छिपाकर रख दिया, ताकि राहुल अधिक मीठा न खा पाए। उस जार का मुँह छोटा-सा था और वह मजबूती से बंद था।

एक दिन राहुल की माँ बाजार गई हुई थी। मौका देखकर राहुल रसोई में गया और उसने उस जार को उठा लिया। बहुत प्रयास करने के बाद उसने जार का ढक्कन खोला और जार के मुँह में हाथ डाल दिया। फिर उसने मुट्ठी में टॉफी-चॉकलेट भर लीं और हाथ बाहर निकालने लगा। लेकिन उसका हाथ उसमें फँस गया। वह अपना हाथ बाहर निकालने की कोशिश कर ही रहा था कि उसकी माँ वापस आ गई। उसकी हालत देखकर माँ ने कहा , "राहुल, तुमने अपने हाथ में बहुत सारी टॉफी-चॉकलेट ली हुई हैं। बस एक चॉकलेट लो और बाकी को वहीं जार में वापस रखो। तभी तुम अपने हाथ को बाहर निकाल पाओगे।" राहुल ने वैसा ही किया। इसके बाद उसने अपना हाथ आसानी से बाहर निकाल लिया। अब उसे अपनी गलती समझ आ गई थी ।

प्रश्न -1 - राहुल कैसा लड़का था ? और उसकी बुरी आदत क्या थी?

उत्तर - राहुल एक अच्छा लड़का था । उसकी बुरी आदत यह थी कि वह मीठा बहुत खाता था।

प्रश्न -2 - राहुल की माँ उसे हमेशा क्या कहती थी?

उत्तर- राहुल की माँ उसे हमेशा कहती थी कि "राहुल, इतना अधिक मीठा मत खाया करो। तुम्हारे दाँत खराब हो जाएँगे।"

प्रश्न -3 -राहुल की माँ ने सभी चॉकलेट-टॉफियों को कहाँ **तथा क्यों** छिपाकर रख दिया था?

उत्तर- राहुल की माँ ने सभी चॉकलेट-टॉफियों को एक जार में छिपाकर रख दिया, ताकि राहुल अधिक मीठा न खा पाए।

प्रश्न – 4 राहुल की माँ जब बाजार गई हुई थी तो मौका देखकर राहुल ने क्या किया?

उत्तर- राहुल की माँ जब बाजार गई हुई थी - तो मौका देखकर राहुल रसोई में गया और उसने उस जार को उठा लिया । बहुत प्रयास करने के बाद उसने जार का ढक्कन खोला और जार के मुँह में हाथ डाल दिया। फिर उसने मुट्ठी में टॉफी-चॉकलेट भर लीं और हाथ बाहर निकालने लगा।

प्रश्न - 5 राहुल की हालत देखकर उसकी माँ ने क्या कहा ?

उत्तर- राहुल की हालत देखकर उसकी माँ ने कहा - "राहुल, तुमने अपने हाथ में बहुत सारी टॉफी-चॉकलेट ली हुई हैं। बस एक चॉकलेट लो और बाकी को वहीं जार में वापस रखो। तभी तुम अपने हाथ को बाहर निकाल पाओगे।"

प्रश्न - 6 गद्यांश में से ढूँढ़कर निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए -

1 अनेक	एक	2 बुरा	अच्छा
3 रात	दिन	4 बड़ा	छोटा

****